**Patrika (Indore), 22nd April 2021, Page-6**

## यूएई में हुई दिव्यांग प्रीमियर लीग में नाम किया रोशन

# आइआइटी इंदौर के ब्रजेश ने मुंबई आइडल्स के लिए किया उम्दा प्रदर्शन

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में उप प्रबंधक बृजेश द्विवेदी ने यूएई में हाल ही में आयोजित पहली आइपीएल की पहली दिव्यांग प्रीमियर लीग में मुंबई आइडल्स टीम की कप्तानी करके संस्थान का नाम रोशन किया है। इसमें 6 टीमों ने भाग लिया जिसमें मुंबई आइडल्स, दिल्ली चैलेंजर्स, नाइट फाइटर्स, चेन्नई सुपरस्टार्स, राजस्थान रजवाड़ा और गुजरात हिटर शामिल थी।

बृजेश राजस्थान रजवाड़ा के खिलाफ 4 विकेट लिए और 11 रन बना कर मैन ऑफ द मैच रहे। चेन्नई सुपरस्टार के खिलाफ दूसरे मैच में उन्होंने 1 विकेट लिया और 25 रन बनाए। ब्रजेश पिछले 4 सालों से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के सदस्य भी हैं।



बृजेश ने कहा, मैंने हमेशा चुनौतियों का सामना किया और कभी भी दिव्यांग होने के कारण खुद को कम नहीं आंका। आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने बधाई देते हुए कहा, बृजेश ने न केवल संस्थान को गौरवान्वित किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि जब आप पैशन के साथ काम करते हैं तो सपने सच हो जाते हैं। ब्रजेश ने आधिकारिक प्रतिबद्धताओं और खेल गतिविधियों के बीच बहुत अच्छा संतुलन बनाए रखा है।